आधार रेखा मूल्यांकन भाग–2

1. **सरल शब्द का विलोम शब्द है–**

☐ कठिन ☐ ज्यादा ☐ महीन ☐ आम

2. **एक व एक से अधिक की संख्या का बोध करवाने वाले शब्दों को कहते हैं–**

☐ विशेषण ☐ क्रिया ☐ वचन ☐ लिंग

3. **नीचे दिए गए वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिए–**

(क) रोहित अपने घर गई।

....

(ख) तुम दोनों कहाँ गया।

....

4. **नीचे लिखे शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए–**

(क) जोर–जोर से ....

(ख) नदी ....

5. **कचरा पात्र के उपयोग के कोई दो लाभ लिखिए–**

(क) ....

(ख) ....

6. **नीचे लिखी चीजों की विशेषता बताने वाले शब्द जोड़कर लिखिए–**

(क) .... समोसे

(ख) .... पेड़

(ग) .... चींटी

(घ) .... झंडा

7. **नीचे दिए गए चित्र को देखकर 6–8 वाक्य लिखिए–**

....

....

....

....

....

....

....

....

नीचे दी गयी कविता को पढ़िए और 8 से 11 तक के प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

आसमान ने ओढ़ी चादर, नीली–नीली इसकी चादर।
साँझ पड़े यह लाल हुई थी, रात पड़ी तो काली चादर।।
आसमान ने ओढ़ी चादर, नीली–नीली इसकी चादर।
रात पड़ी तो पोल खुली थी, फटी हुयी थी सारी चादर।।
जगह–जगह पर छेद थे इसमें, चलनी सी छेदीली चादर।
छेद सभी जब बने थे तारे, चमकी थी ये काली चादर।।

8. **कविता के अनुसार किस कारण से यह पता चला होगा कि आसमान की चादर फटी हुई थी?**

....

....

9. **'पोल खुलना' मुहावरे का प्रयोग कविता में आया है। आप इस मुहावरे का अर्थ और वाक्य में प्रयोग लिखिए–**

अर्थ– ....

वाक्य में प्रयोग – ....

10. **साँझ (शाम) होने पर आसमान की चादर लाल क्यों हो जाती है ?**

....

....

11. **कविता का उपयुक्त शीर्षक होगा?**

☐ नीली और काली चादर ☐ चमकीली चादर
☐ आसमान की चादर ☐ छेदवाली चादर

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

यह धरती भी एक खूब बड़ी गुल्लक है। मिट्टी की बनी इस गुल्लक में प्रकृति वर्षा के मौसम में खूब पानी बरसाती है। ऐसे में हमें रुपये से भी कई गुना कीमती इस वर्षा जल को बड़ी गुल्लक में जमा कर लेना चाहिए। हमारे छोटे बड़े तालाब, झील, धरती की गुल्लक में पानी भरने का काम करते हैं। इसमें जमा पानी जमीन के नीचे जल के भण्डार में छनकर मिलता है। वर्षा का मौसम बीत जाने पर इस गुल्लक में जमा जल रूपी धन हमें खूब काम देता है।

12. **विशाल गुल्लक किसे कहा गया है?**

....

13. **बरसात का पानी जमीन में किस प्रकार मिल जाता है?**

....

14. **बरसात के मौसम के बीत जाने पर हमें पानी कहाँ से प्राप्त होता है?**

....

15. **बरसात के जल को हम किस–किस प्रकार सहेज सकते हैं?**

....

विद्यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड	
टिप्पणी :	विद्यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड समूह – 1 समूह – 2